पिंकर्टन के लिए एक साथी

लेखक: स्टीवन केलॉग

हिन्दी अनुवाद: जलज शर्मा



पिंकर्टन के लिए एक साथी

लेखक: स्टीवन केलॉग
हिन्दी अनुवाद: जलज शर्मा

पिंकर्टन, क्या तुम अकेलापन महसूस करते हो? क्या तुम अपने भाइयों और बहनों को याद करते हो?



हमें पिंकर्टन के साथ खेलने के लिए कुछ अन्य ग्रेट डेन पिल्लों को लाना चाहिए।

मुझे लगता है कि वह आपको बताएगा कि वह मुझसे सहमत है।

एक ग्रेट डेन मेरे लिए काफी है, अगर मैं दूसरा पालतू जानवर लाउंगा तो वह कोई बहुत छोटा और शांत जीव होगा जैसे कि सुनहरी मछली।

पिकर्टन, मैं जाकर तुम्हारे लिए एक साथी खोजता हूं।

यह एक सही स्थान है।

पिकर्टन सुनहरी मछली के साथ गहरी मित्रता नहीं कर सका।

और वह चिड़िया के साथ भी नहीं खेल पाया।



शायद, एक बिल्ली का बच्चा,
उसके लिए उपयुक्त हो।

मेरी किताब में लिखा है कि ग्रेट डेन पिल्ले
और बिल्ली के बच्चे मित्र बन सकते हैं।

यह तुम्हारे और पिंकर्टन के लिए एक उपहार है।
इसका नाम रोज़ है।

सारा चैटरकैट की इस किताब में लिखा है कि ग्रेट
डेन पिल्ले और बिल्ली के बच्चे मित्र बन सकते हैं।

उसे यह बात पसंद आई है।

रोज़ ने पिंकटन की धूप सेंकने की जगह हथिया ली।

वह उसका भोजन खा जाती।

मुझे लगता है कि रोज, एक ग्रेट डेन बनना चाहती है।

अरे नहीं!

अब पिंकर्टन एक बिल्ली बनने की कोशिश कर रहा है।

चलो, हम फिर से वही पालतू जानवरों वाला कार्यक्रम देखते हैं। मुझे सारा चैटरकैट से कुछ प्रश्न पूछने हैं।


THE INTERNATIONAL
PET SHOW
TODAY'S SPECIAL EVENT
THE GRAND MARCH
POODLES
DON'T MISS THE
WORLD'S MOST GLAMOROUS
POODLES
ON PARADE

WELCOME
CASTLE
KITTENS
LICK
LICK
LICK
LICK

रोज़, वापस आओ।

पिंकटन, बिल्ली के बच्चों के साथ सुरक्षित रहेगा।
तुम रोज़ को ढूंढने में मेरी मदद करो।



रोज़, तुम कहां हो।

मैं उसे देख पा रहा हूं। वह छोटे कुत्तों की भव्य परेड की कतार में है।





आज के इस बेमिसाल आयोजन में, मैं, अपने टेलीविजन दर्शकों का स्वागत करता हूं। मैं चाहता हूं कि आप आज की विशिष्ट अतिथि का स्वागत करें : डॉ. अलिशा किब्बल। डॉ. अलिशा किब्बल, कुकुर महाविद्यालय से हैं और आज की सुनहरी कुकुर ट्राफी प्रदान करेंगी।

आयोजन को रोकें। कोई पुलिस को बुलाये। इस भव्य परेड में एक बिल्ली शामिल हो गई है।

क्षमा करें, लेकिन वह हमारी बिल्ली है। वह सोचती है कि वह एक ग्रेट डेन है पर शायद अब उसने एक पूडिल बनने का निश्चय किया है।

देवियों और सज्जनों। सभी लोग
और पूडिल उन्मादित हो गए हैं।



वह आने वाली गाड़ी को वापस बिल्लियों के किले की ओर धकेल रहे हैं।



बिल्लियों के किले में एक दानव घुस गया है।

इस राक्षस को गिरफ्तार करें। इसने हमारे सभी पूडलों को भयभीत किया है और वह बेहोश हो गए हैं।

बकवास। इस शानदार पिल्ले ने हमारी बिल्लियों की सुरक्षा की है। यह एक हीरो (नायक) है।



देखो, वह रोज़ है।



क्या वह अभी भी अपने को एक पूडिल समझ रही है
या अब वह फिर से एक ग्रेट डेन हो गयी है।

वह म्याऊं म्याऊं कर रही है।